समाज के विकास में सरोजनी का अहम योगदान: प्रो.सिंह

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने कवयित्री और स्वतंत्रता सेनानी सरोजनी नायडू की जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर सरोजनी नायडू के जीवन व राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रो.ओंकार सिंह ने कहा कि सरोजनी नायडू के जन्म दिन को भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली सरोजनी नायडू ने महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने व महिलाओं को जागरूक करने का काम किया।

सरोजनी नायडू के सराहीनय कार्यों के ध्यान में रखकर भारत में 13 फरवरी को

■ उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस

राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में जाता है।

कुलपति ने विश्वविद्यालय में एक सशक्त डिजिटल टीम तैयार करने की घोषणा की। साथ ही विवि स्तर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाज उपयोगी एप्लीकेशन बनाने में छात्राओं व छात्रों को एक समान रूप से सम्मिलित करने की जिम्मेदारी शिक्षकों को जिम्मेदारी दी। बताया कि विश्वविद्यालय ग्रीष्मकाल में छात्रों के लिए कम्प्यूटर आधारित इंटर्नशिप भी प्रारम्भ करने की योजना पर विचार कर रहा है।

इस दौरान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान और फैकल्टी ऑफ टेक्नोलाजी के छात्र-छात्राओं ने सोलो सॉग प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

इस मौके पर वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डा.मनोज पाण्डा, फैकल्टी ऑफ टैक्नोलाजी के एचओडी डा.विशाल रमोला समेत अनेक लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते कुलपति प्रो.ओंकार सिंह।